सेवा में,

प्राचार्य
चमन लाल महाविद्यालय
लंढौरा (हरिद्वार)

विषय:- भौतिक विज्ञान विभाग की बोर्ड ऑफ स्टडीज बैठक आयोजित किये जाने की अनुमति प्राप्त करने हेतु।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि भौतिक विज्ञान विभाग की बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक 27/07/2026 को प्रस्तावित है।
बैठक में सम्मिलित होने वाले सदस्य निम्न है-

1. डॉ. पवन कुमार [signature] 27/7/2026
2. डॉ. अरविन्द कुमार [signature]
3. विपुल सिंह [signature]
4. सुजात हुसैन Swjat
5. डॉ. विपिन कुमार [signature]

उक्त विषयक अनुमति प्रदान करने का कष्ट करें।

[signature]

विपुल सिंह [signature]
प्रभारी
भौतिक विज्ञान विभाग
चमन लाल महाविद्यालय लंढौरा

Scanned with OKEN Scanner

सूचना

बोर्ड ऑफ स्टडीज (भौतिक विज्ञान) के समस्त सम्मानित सदस्यों को सूचित किया जाता है कि भौतिक विज्ञान विभाग की B.OS की आवश्यक बैठक दिनांक 27/07/2026 को प्रातः 11:00 बजे चमन लाल महाविद्यालय में आयोजित की जायेगी।

आप से अनुरोध है कि ससमय उपस्थित होने का कष्ट करें। प्राचार्य महोदय के आदेशानुसार बैठक का एजेण्डा निम्न प्रकार है।—

1. गत कार्यवाही की पुष्टि
2. मुख्य परीक्षा के प्रश्न – पत्रों को हल करने हेतु प्रदान किये जाने वाले समय को 02:30 घण्टे किये जाने पर विचार।
3. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं महाविद्यालय के दिशा निर्देशों के अनुरूप मुख्य परीक्षा 75 अंक एवं आन्तरिक परीक्षा में 25 अंक का मूल्यांकन लागू किये जाने पर विचार।
4. आन्तरिक परीक्षा प्रक्रिया में एक रूपता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु (15 अंक की लिखित परीक्षा, 5 अंक की उपस्थिति तथा 05 अंक अनुशासन/शैक्षिक गतिविधियों में प्रतिभाग) केन्द्रीकृत माध्यम से सम्पादित कराये जाने तथा लिखित परीक्षा हेतु मिडटर्म परीक्षा पर विचार।
5. पी.जी. पाठ्यक्रम में द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर में लघुशोध का प्रावधान किये जाने पर विचार।

डॉ. पवन कुमार (हस्ताक्षर) 27/7/26
डॉ. अरविन्द कुमार (हस्ताक्षर)
सुजात हुसैन Sujat
डॉ. विपिन कुमार (हस्ताक्षर)

(हस्ताक्षर)
विपुल सिंह
(भौतिक विज्ञान विभाग)

Scanned with OKEN Scanner

कार्यवृत्त

आज दिनांक 27/07/2026 को भौतिक विज्ञान विभाग की बोर्ड ऑफ स्टडीज (BOS) की आवश्यक बैठक 01:00 बजे भौतिक विज्ञान विभाग में आयोजित की गई।

बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित रहे –

1. डॉ. पवन कुमार
2. डॉ. अरविन्द कुमार
3. विपुल सिंह
4. सुजात हुसैन
5. डॉ. विपिन कुमार

27/7/2026

B.O.S मीटिंग में निम्न बिन्दुओं पर विमर्श किया गया-

एजेण्डा बिन्दु – 01

एजेण्डा – गत कार्यवाही की पुष्टि।

विनिश्चय – दिनांक 20/11/2025 को आयोजित बैठक की कार्यवाही को यथावत अनुमोदित किया गया। कार्यवाही की पुष्टि की गई।

एजेण्डा बिन्दु – 02

एजेण्डा – मुख्य परीक्षा के प्रश्नपत्रों को हल करने हेतु छात्रों को प्रदान किये जाने वाले समय को 02:30 घण्टे किये जाने पर विचार।

विनिश्चय – विस्तृत विचार विमर्श के उपरान्त सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि समस्त पाठ्यक्रमों में प्रश्न-पत्र हल किये जाने हेतु छात्रों को 2:30 घण्टे का समय प्रदान किया जाये।

एजेण्डा बिन्दु – 03

एजेण्डा – राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं महाविद्यालय के दिशा निर्देशों के अनुरूप मुख्य परीक्षा 75 अंक एवं आन्तरिक परीक्षा में 25 अंक मूल्यांकन लागू किये जाने पर विचार।

Scanned with OKEN Scanner

विनिश्चय: विस्तार पूर्वक विचार किये जाने के उपरान्त सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि भौतिक विज्ञान विभाग में संचालित सभी पाठ्यक्रमों में मुख्य परीक्षा में 75 तथा आन्तरिक परीक्षा में 25 अंको का मूल्यांकन व्यवस्था लागू कर दिया जाये।

एजेण्डा बिन्दु - 04

एजेण्डा - आन्तरिक परीक्षा प्रक्रिया में एकरूपता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु (अंक विभाजन - लिखित परीक्षा - 15 अंक, उपस्थित - 05 अंक, अनुशासन तथा शैक्षिक गतिविधियों में प्रतिभाग - 05 अंक) केन्द्रीकृत माध्यम से कराये जाने पर विचार तथा लिखित परीक्षा हेतु मिड टर्म परीक्षा कराये जाने पर विचार।

विनिश्चय - विस्तृत विचार-विमर्श के उपरान्त निर्णय लिया गया कि आन्तरिक परीक्षा प्रक्रिया में एकरूपता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित किया जाना अत्यन्त महत्वपूर्ण एवं आवश्यक है। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आन्तरिक परीक्षा केन्द्रीकृत माध्यम से मिडटर्म परीक्षा के रूप में (15 अंक लिखित परीक्षा 05 अंक उपस्थित, 05 अंक अनुशासन / शैक्षिक गतिविधियों में प्रतिभाग) आयोजित करायी जाये।

एजेण्डा बिन्दु - 05

एजेण्डा - पी.जी. पाठ्यक्रम में द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर में लघुशोध का प्रावधान किये जाने पर विचार।

विनिश्चय :- विस्तृत विचार-विमर्श से सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पी.जी. द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर में लघुशोध का विषय निर्धारण

Scanned with OKEN Scanner

प्रथम सेमेस्टर में तथा चतुर्थ सेमेस्टर का लघुशोध का विषय निर्धारित तृतीय सेमेस्टर में कर दिया जाए। ताकि छात्रों को शोध कार्य हेतु समुचित समय प्राप्त हो सकें। प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर में लघु शोध का कार्य प्रोग्रेसिव मोड में रहेगा।

समिति के समस्त सदस्यों ने उक्त एजेण्डा बिन्दुओं पर गहनता पूर्वक विचार विमर्श किया एवं उक्त सभी एजेण्डा बिन्दु संख्या 01 से 04 हेतु संस्तुति प्रदान की। समिति ने भौतिक विज्ञान के पाठ्यक्रम का पुनरीक्षण किया। वर्तमान में पाठ्यक्रम में परिमार्जन / संशोधन की आवश्यकता प्रतीत नही हो रही हैं।

अन्त में समन्वयक के द्वारा पाठ्यक्रम निर्माण समिति के समस्त सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया, तदुपरान्त बैठक सम्पन्न हुई।

01. डॉ॰ पवन कुमार (हस्ताक्षर) 27/7/2026
02. डॉ॰ अरविन्द कुमार (हस्ताक्षर)
03. विपुल सिंह (हस्ताक्षर)
04. सुजात हुसैन Sujat
05. डॉ. विपिन कुमार (हस्ताक्षर)

(हस्ताक्षर)